# बाइक बुक करके चालक को मारने की धमकी देकर लूटने वाले नाबालिग गैंग के दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फतेहपुर बेरी पुलिस ने एक ऐसे नाबालिग गैंग के सदस्यों को पकड़ा है,जो रात के वक्त अपने ही फोन से रेपिडो बुक करते थे। सूनसान जगह पर बुलाकर चालक को चाकू से जान से मारने की धमकी देते थे। चालक अगर विरोध करता था,उसपर जानलेवा हमला करके उससे उसका फोन आदि लूटकर फरार हो जाते थे। ऐसे गैंग के दो नाबा. लिगों को पुलिस ने पकड़ा है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बाइक,फोन और चाकू बरामद किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीरवार -शुक्रवार रात दो बजकर दस मिनट पर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। छपरौली नोएडा के आशीष कुमार ने बताया कि वह रेपिडो राइडर के रूप में काम कर रहा है। रेपिडो एप के माध्यम से बुक की गई एक पिकअप के लिए चंदनहोला स्थित 'स्काई मेंशन' के पास, 'बुध बाजार वाली गली' के निकट पहुँचा। बाइक सवार दो लडको ने उसे रोका।

अचानक एक ने बाइक की चाबी निकाली और दूसरे ने पीछे से जबरन पकड़ लिया। विरोध करने पर उसके हाथ ही उंगली में चाकू मार दिया। उसका फोन निकाल लिया। उससे पासवर्ड भी मांगा। पुलिस ने मामला दर्ज किया। शिकायत कर्ता का पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल में मेडिकल करवाया। सब इंस्पेक्टर नसीब चौहान,मो.काफिल हेड कांस्टेबल मुकेश,जितेन्द्र कांस्टेबल हरी. चंद और सुरेश को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने जिस फोन से रेपिडो बुक की थी। उस नंबर की जांच की। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। दोनों नाबालिगों को भाटी माइंस इलाके में छापेमारी कर पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल फोन, अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और अपराध का हथियार (यानी चाकू) बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि गैंग देर रात के समय राइडर्स को सुनसान जगहों पर बुलाने के लिए रेपिडो बुकिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते थे।

## डीयू कॉलेजों के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा जांच हो: एनएसयूआई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और महाविद्यालयों में लगातार सीलिंग गिरने, पंखे टूटकर गिरने और बुनियादी ढांचे की खराब स्थिति से जुड़ी घटनाओं पर छात्र संगठनों ने चिंता जताई है। एनएसयूआई ने कहा है कि दयाल सिंह कॉलेज, हंसराज कॉलेज, कालिंदी कॉलेज सहित अन्य परिसरों से सामने आई हालिया घटनाओं ने डीयू की बुनियादी व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति को उजागर किया है।

संगठन ने डीयू और कॉलेजों की पुरानी इमारतों की सुरक्षा जांच करने की मांग की है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि सीलिंग गिरने, पंखे टूटकर गिरने और खराब रखरखाव की घटनाएं स्पष्ट रूप से गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती हैं। संगठन ने सभी महाविद्यालयों का तत्काल संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट कराने, सुरक्षा निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करने, असुरक्षित भवनों में तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने सहित अन्य मांगें की हैं।

# सब-इंस्पेक्टर डिमोशन करा बना सिपाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर थाने में तैनात सब-इंस्पेक्टर मनीष ने अपनी मर्जी से अपना डिमोशन करवा लिया है। उनके खुद के अनुरोध पर अब उन्हें वापस सिपाही (कांस्टेबल) बना दिया गया है। उनका यह असामान्य फैसला पूरे पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मनीष ने वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर लिखा था, ष्मुझे सब-इंस्पेक्टर नहीं बनना, मैं कांस्टेबल ही ठीक हूं। कृपया मेरी पदोन्नति को पलट दिया जाए।ष मामले में पुलिस उपायुक्त ने आवेदन को स्वीकार कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से पहले पुलिस मुख्यालय ने यह भी सुनिश्चित किया कि मनीष के खिलाफ कोई विभागीय जांच, आपराधिक या विजिलेंस मामला तो लंबित नहीं है स पढ़ाई और बड़ी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कदम उठाने की बात सामने आ रही, मनीष मूल रूप से सिपाही के पद पर ही भर्ती हुए थे। बाद में विभागीय परीक्षा पास करके वह सब-इंस्पेक्टर बन गए थे, लेकिन प्रमोशन के बाद वह खुश रहने के बजाय परेशान रहने लगे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मनीष पढ़ाई में काफी होशियार हैं और किसी बड़ी परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं।

## डीयू की परीक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि की आगामी स्नातक परीक्षाओं को लेकर छात्रों और शिक्षकों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। परीक्षा तिथियों में बदलाव, रविवार को परीक्षा कराने की संभावना और शिक्षकों की ड्यूटी को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार बहस तेज हो गई है। कई लोग इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं, जबकि कुछ उपयोगकर्ता इस पर मीम और प्रतिक्रियाएं भी साझा कर रहे हैं। दिल्ली विवि के दौलत राम कॉलेज के शिक्षक नवीन गौड़ ने सामाजिक माध्यमों पर लिखा कि विश्वविद्यालय अब तक दो अंतिम डेटशीट जारी कर चुका है और नई अंतिम डेटशीट इसी सप्ताह जारी की गई है। उन्होंने आशंका जताई कि इसके बावजूद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है।

# पंजाब में ईडी कार्रवाई पर केजरीवाल ने बोला हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में लगातार ईडी की कार्रवाई राजनीतिक दबाव बनाने और राज्य सरकार को निशाना बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की सामा. जिक माध्यम पोस्ट को साझा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव समाप्त होते ही पंजाब में ईडी की रेड शुरू हो गई हैं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर एक वर्ष में तीसरी बार और पिछले एक महीने में दूसरी बार ईडी पहुंची, लेकिन एजेंसी को कुछ नहीं मिला। भगवंत मान ने अपनी पोस्ट में कहा कि पंजाब गुरुओं और भगत सिंह की धरती है, जिसे औरंगजेब भी नहीं झुका सका था। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता केंद्र सरकार के दबाव के सामने भी नहीं झुकेगी। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार ने पंजाब के साथ अन्याय किया है।



**ताज मानसिंह के पास क्यू प्वाइंट पर भूमिगत नालों और कवर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की जांच रोबोटिक तकनीक के उपयोग से शुरू किया गया।**

# भूमिगत नालों का सर्वे पहली बार रोबोटिक तकनीक से होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र में आगामी मानसून सीजन में जलभराव की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद की व्यापक मानसून कार्ययोजना-2026 की जानकारी दी थी। चहल ने कहा कि एनडीएमसी ने पहली बार ताज मानसिंह के पास क्यू प्वाइंट पर भूमिगत नालों और कवर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की जांच रोबोटिक तकनीक का उपयोग शुरू किया है। लगभग 85% सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। यह तकनीक सिल्ट जमा होने, ब्लॉकेज, खराब हिस्सों और पानी रुकने वाले स्थानों की पहचान करने में मदद करती है।

उन्होंने बताया की सुपर-सक्कर मशीन से डिसिल्टिंग की जा रही है जिसकी लागत 3.50 करोड़ रूपए है।उन्होंने जानकारी दी कि अगले वर्ष लगभग 3200 मीटर क्षेत्र, जिसमें़ प्वाइंट, डीटीसी डिपो और दयाल सिंह कॉलेज क्षेत्र शामिल हैं, में डी-सिल्टिंग कार्य रोबोटिक तकनीक के माध्यम से 43 करोड़ रूपए में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरोजिनी नगर क्षेत्र में ड्रेन का बेड स्तर ब्रिक बैरल ड्रेन से ऊंचा पाया गया, जिससे पानी जमा होने की समस्या होती थी। इस समस्या के समाधान के लिए एनडीएमसी ने दो स्थायी हाई-कैपेसिटी पंप लगाए हैं और 15 जून 2026 तक आवश्यकता अनुसार दो अतिरिक्त पंप भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्ययोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "स्मार्ट, स्वच्छ और तकनीक आधारित शहरी प्रशासन" के विजन के अनुरूप तैयार की गई है, ताकि नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।उन्होंने बताया कि इस कार्ययोजना में मानसून से पहले की तैयारी, बारिश के दौरान आपातकालीन व्यवस्था और मानसून के बाद क्षतिग्रस्त ढांचे की मरम्मत शामिल है। एनडीएमसी ने 31 मार्च 2026 तक पहले चरण की 100% डी-सिल्टिंग पूरी कर ली है, जबकि दूसरा चरण 15 जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

# तीन साल की बच्ची से स्कूल में दुष्कर्म, आरोपी को मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में एक निजी स्कूल के भीतर 57 वर्षीय कर्मचारी द्वारा तीन साल की बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना एक मई को तब प्रकाश में आई जब पीड़िता की मां ने जनकपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि स्कूल के ही एक कर्मचारी ने उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया।

शिकायत के अनुसार, बच्ची अपने दाखिले के दूसरे दिन 30 अप्रैल को स्कूल गई थी। घर लौटने के बाद उसने दर्द की शिकायत की। मां द्वारा पूछे जाने पर बच्ची ने कथित तौर पर बताया कि उसे स्कूल के एक अलग हिस्से में ले जाया गया जहां एक व्यक्ति ने उसके साथ यह दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बताया कि बच्ची द्वारा आरोपी की पहचान किए जाने के बाद 57 वर्षीय स्कूल केयरटेकर को एक मई को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में उसे अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, अभियोजन पक्ष के कड़े विरोध के बावजूद सात मई को द्वारका की एक अदालत ने आरोपी को जमानत दे दी। पुलिस ने कहा कि वे स्कूल परिसर के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। इस बीच, पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि पुलिस को मामले की सूचना दिए जाने के तुरंत बाद उचित कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में स्कूल का एक शिक्षक भी शामिल था और उससे पूछताछ भी की गई। उन्होंने पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान बच्ची और परिवार को कई घंटों तक थाने में इंतजार कराया गया।

इस बीच आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत दिए जाने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने एक बयान में कहा, 'कल्पना कीजिए कि एक बच्ची का निजी स्कूल की नर्सरी में दाखिला कराया जाता है और वह पहले ही दिन घर लौटती है, तो माता-पिता को पता चलता है कि 57 वर्षीय केयरटेकर ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है।' भारद्वाज ने आरोप लगाया कि डीसीपी (पश्चिम) ने परिवार के सदस्यों का सहयोग करने के बजाय उन्हें धमकाया।

डीसीपी ने एक बयान में कहा कि बच्ची की मां की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की गई और बच्ची की चिकित्सकीय जांच कराई गई। बयान में कहा गया, 'जांच के दौरान, पीड़िता द्वारा शिनाख्त किए जाने के बाद उसी दिन आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत के समक्ष पीड़िता का बयान भी दर्ज किया गया और साथ ही कानून के अनुसार संबंधित सीसीटीवी/डीवीआर फुटेज और अन्य सबूत भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, जांच वैज्ञानिक साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच, गवाहों के बयानों और मामले के तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष, पेशेवर और तटस्थ तरीके से की गई है। बयान में कहा गया कि पुलिस अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न या डराने-धमकाने का आरोप लगाने वाली कुछ मीडिया रिपोर्टें झूठी, निराधार और जांच के वास्तविक तथ्यों के विपरीत हैं। पूछताछ की कार्यवाही के दौरान शिकायतकर्ता और पीड़िता को अनुकूल वातावरण प्रदान किया गया और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्हें केवल कानूनी पूछताछ और परामर्श के लिए बुलाया गया था। बयान में कहा गया, 'डीसीपी (पश्चिम) पीड़ित के माता-पिता से कभी नहीं मिले।" अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष आरोपी की जमानत अर्जी का कड़ा विरोध किया था। हालांकि, अदालत ने आरोपी को जमानत दे दी।

## पत्रकार आशुतोष चतुर्वेदी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आशुतोष चतुर्वेदी को चार दशकों से अधिक समय तक निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वर्तमान में वह भारत सरकार के केंद्रीय सूचना आयोग में आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं।

अपने लंबे पत्रकारिता सफर में उन्होंने प्रभात खबर, अमर उजाला, माया, इंडिया टुडे, संडे ऑब्जर्वर, दैनिक जागरण और बीबीसी लंदन जैसे प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई महत्वपूर्ण घटनाओं की रिपोर्टिंग में भी उनकी अहम भूमिका रही। हिंदी डिजिटल पत्रकारिता को नई दिशा देने में भी उनका विशेष योगदान माना जाता है। बीबीसी हिंदी वेबसाइट के आरंभ में उनकी भूमिका को पत्रकारिता जगत की बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता है। विजय शंकर चतुर्वेदी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न और स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने पूरे करियर में मूल्यों और साहस पर आधारित पत्रकारिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, ऐसे में आशुतोष चतुर्वेदी जैसे वरिष्ठ पत्रकार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बंगाल में सुवेंदु सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल हुईं, जनता के साहस को किया नमन।**

# बंगाल में विश्वास की नई सुबह: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को पश्चिम बंगाल में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने बंगाल की जनता, विशेषकर महिलाओं और बेटियों के साहस और संघर्ष को नमन करते हुए नई सरकार को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में बंगाल की जनता ने अत्याचार, दमन और भ्रष्टाचार का दौर देखा, लेकिन अब जनता ने सोनार बांग्ला के सपने को साकार करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से बदलाव का फैसला किया है। आज का दिन बंगाल के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जहां विकास और विश्वास के साथ राज्य आगे बढ़ेगा और पूरे देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान जिस तरह भ्रष्टाचार और अत्याचार की घटनाएं सामने आती थीं, अब उस दौर का अंत हो चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई सरकार के नेतृत्व में बंगाल में सुशासन, विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता मिलेगी।

# सरकारी विद्यालयों की बदहाली पर कांग्रेस का हमला, देवेंद्र यादव ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सरकारी विद्यालयों की स्थिति को लेकर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विद्यालयों के व्यापक संरचनात्मक परीक्षण की घोषणा केवल दिखावा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 महीनों में भारतीय जनता पार्टी सरकार विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रुप नगर स्थित सर्वोदय विद्यालय के निरीक्षण के बाद सरकारी विद्यालयों में पेयजल, स्वच्छ शौचालय, भवनों की मजबूती, अग्नि सुरक्षा प्रबंध, शिक्षकों की उपलब्धता और भीषण गर्मी से बचाव की व्यवस्थाओं को लेकर जो बातें कही गईं, वे केवल घोषणाओं तक सीमित रहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं किया और अब परीक्षण के नाम पर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों की हिस्सेदारी लगभग 22.9 प्रतिशत है, जबकि इनमें विद्यार्थियों का नामांकन केवल 39.8 प्रतिशत रह गया है। उनके अनुसार यह स्थिति सरकारी शिक्षा व्यवस्था की गिरती विश्वसनीयता को दर्शाती है। उन्होंने दावा किया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में लगभग 30 हजार विद्यार्थियों की संख्या कम हुई, जिसका मुख्य कारण शिक्षा की गिरती गुणवत्ता और विद्यालयों में सुविधाओं का अभाव है। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि सरकारी विद्यालयों की बदहाली की शुरुआत आम आदमी पार्टी सरकार के समय से हुई।

# अखाड़ा समारोह में वैश्य समाज की एकजुटता का दिखा संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महाराज अग्रसेन जी के आदर्शों, वैश्य समाज की एकता, एवं सनातन सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से अग्रसेन वैश्य अखाड़ा दिल्ली समिति द्वारा शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में भव्य शपथ ग्रहण समारोह एवं वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में विश्व हिंदू परिषद के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट आलोक कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता, राष्ट्र निर्माण एवं



भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर चेयरमेन विनीत कुमार गुप्ता 'लोहिया', राष्ट्रीय प्रधान नन्द किशोर अग्रवाल, सचिन मंगला, गोपाल गोयल, सुशील सिंगला, पवन अग्रवाल एवं नन्द किशोर बंसल (नंदू भाई) सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गलत दिशा में वाहन चलाने पर एक सप्ताह में 72 एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गलत दिशा में वाहन चलाने की खतरनाक प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान चल रहा है। एक सप्ताह में इस अभियान के तहत गलत दिशा में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों का जीवन खतरे में डालने के आरोप में 72 चालकों पर एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि 7249 चालान भी काटे गए हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) विजयंता गोयल आर्या ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं, आमने-सामने की टक्कर और यातायात जाम का प्रमुख कारण है। यह केवल ट्रैफिक नियम का उल्लंघन नहीं, बल्कि एक गंभीर आपराधिक कृत्य है जो जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने चेता. वनी दी है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

दोपहिया वाहन, व्यावसायिक वाहन, ई-रिक्शा और सार्वजनिक परिवहन चालकों से अपील की है कि वे शॉर्टकट के लिए गलत दिशा में वाहन न चलाएं। गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर एक सप्ताह के अभियान के दौरान सबसे अधिक कार्रवाई सेंट्रल रेंज ट्रैफिक पुलिस ने की है। इस रेंज में 16 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। ईस्टर्न रेंज दूसरे स्थान पर है, इसमें 14 लोगों पर मुकदमे कराए गए। इन दोनों रेंज में गलत दिशा में वाहन चलाने की घटनाएं सबसे ज्यादा सामने आई हैं, जो इन इलाकों में यातायात अनुशासन की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। यह विशेष अभियान भले ही एक सप्ताह से चल रहा है, लेकिन इस वर्ष के शुरुआत से ट्रैफिक पुलिस ने गलत दिशा में वाहन चलाने वालों को खतरा बताते हुए एफआईआर की कार्रवाई की शुरुआत की थी।

# बंगला साहिब में मिनी शल्य कक्ष सेवा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करते हुए गुरुद्वारा बंगला साहिब स्थित गुरु हरकृष्ण पॉलीक्लिनिक में एंडोस्कोपी जांच और मिनी शल्य कक्ष सेवा शुरू की है। अरदास के उपरांत नई सुविधाओं का उद्घाटन किया गया।

कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो ने बताया कि इन सेवाओं के माध्यम से अब गैस्ट्रोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी जैसी जांचें बेहद कम शुल्क पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि बाजार में महंगी मानी जाने वाली जांचें यहां नाममात्र शुल्क में कराई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले कमेटी द्वारा 50 रुपये में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थीं। अब चिकित्सा सेवाओं के अगले चरण में एंडोस्कोपी, ब्रोंकोस्कोपी, रंगीन डॉप्लर, हृदय प्रतिध्वनि जांच तथा आंखों के शल्य उपचार भी जोड़े गए हैं। पॉलीक्लिनिक के चेयरमैन भूपिंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि संगत को बेहतर और सस्ती चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कमेटी निरंतर प्रयासरत है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम, फ्रेट एवं डीएम, ल०जं०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

**क्रम सं.-1,** निविदा सूचना संख्या: 01-2026-Mech-FRT-DM, कार्य का नाम: "रिपेयर, मेन्टेनेन्स एण्ड हाउसकीपिंग एक्टिविटी एट गोण्डा सिकलाईन एण्ड फ्रेट यार्ड फार टू इयर" अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 7,06,84,393.41, अग्रिम धन (रू०में): ₹14,13,700/-, निविदा की अवधि: 24 माह। • ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 01-06-2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा दिनांक 01-06-2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरि०म०यॉं०इंजी०/ईएनएचएम, फ्रेट एवं डीएम**

मुजाधि/यॉंत्रिक-17 /ल०जं०, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

■ संगठन होने वाले धरना प्रदर्शन में 1000 से संख्या से ऊपर रहे इसके बारे में भी सभी लोगों ने विचार विमर्श किया, बैठक में 18 जून को होने वाले धरना प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय मजदूर संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन सुभाष पैलेस रमते राम रोड कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता दीपक चौधरी ने की बैठक की शुरुआत भारतीय मजदूर संघ के गीत के साथ की गई नई जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का परिचय हुआ।

इसके बाद भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नितिन रो. हतगी ने अब तक हुए कार्यों एवं आगामी कार्यक्रम के बारे में भी सबको अवगत कराया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हमारे साथियों की मार्च अप्रैल माह की सैलरी अभी तक नहीं आई है उसको लेकर भी विचार किया गया कि आगे इसके लिए ज्ञापन एवं प्रदर्शन भी किया जाएगा ताकि प्रशासन पर दबाव बनाकर जल्द ही जल्द सब की सैलरी आ सके।

बैठक में 18 जून को होने वाले धरना प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई। जिसमें सभी यूनियन से बोला गया है कि वह अपनी समस्याओं के बारे में जल्दी मंत्री जी को अवगत कराए ताकि ज्ञापन का प्रारूप अभी से तैयार किया जा सके।

संगठन होने वाले धरना प्रदर्शन में 1000 से संख्या से ऊपर रहे इसके बारे में भी सभी लोगों ने विचार विमर्श किया अंत में भारत माता की जय एवं भारत में अमर रहे ऐसा कहकर अध्यक्ष अध्यक्ष दीपक चौधरी ने आए तभी साथियों का धन्यवाद दिया।

बैठक में संजय यादव, कोषाध्यक्ष किशन, चंद्रपाल, कविता, सतीश, नरेंद्र, दीपक, नालेंद्र, शिवा, लक्ष्मी, ऊषा, नन्द किशोर, अब्दुल, उमेश आदि उपस्थित रहे।

# एसी सर्विस सेंटर में लगी आग, धमाके के साथ फटे कंप्रेसर और कई सिलिंडर, एक की मौत



**गाजियाबाद।** पटेल नगर स्थित एक एसी सर्विस सेंटर में शुक्रवार देर रात करीब तीन भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि तीन मंजिला भवन पूरी तरह इसकी चपेट में आ गया। आग के दौरान एसी में इस्तेमाल होने वाली गैस के सिलिंडर और कंप्रेसरों में लगातार ब्लास्ट होते रहे। हादसे में एक कर्मचारी की मौत हुई है। हादसे में 10 दोपहिया और दो गाड़ियां भी जल गईं। फायर विभाग के अनुसार रात करीब 3 बजे पटेल नगर में एफ-87 स्थित आन स्पाट एयरकंडीशनर सर्विस सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही कोतवाली फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए वैशाली, साहिबाबाद और मोदीनगर फायर स्टेशन से भी गाड़ियां बुलाई गईं। कुल आठ दमकल गाड़ियों की मदद से आग बुझाने का अभियान चलाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में दमकलकर्मियों ने चार हौज पाइप लगाकर आग बुझानी शुरू की। घनी आबादी होने की वजह से मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग इतनी अधिक थी कि आसपास के मकानों तक आग फैलने का खतरा बन गया था।

# युवती से किया सामूहिक दुष्कर्म वीडियो बनाकर ब्लैकमेल, दो दबोचे

**मोदीनगर।** भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सिलिंडर दिलाने के बहाने युवती को खेत में ट्यूबवैल पर ले जाकर आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। एक आरोपियों ने दुष्कर्म किया तो दूसरे ने चोरी से मोबाइल में अश्लील वीडियो रिकार्ड कर लिया। इस वीडियो को प्रसारित करने की धमकी देकर युवती से दुष्कर्म किया। विरोध पर आरोपियों ने युवती को बुरी तरह पीटा। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी भी दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। भोजपुर के एक गांव की 23 वर्षीय युवती के मुताबिक, उनकी गांव के ही एक युवक से कुछ समय पहले दोस्ती हुई थी। शुक्रवार को युवती को सिलिंडर की जरूरत थी। उसने युवक से सिलेंडर के लिए कहा तो वह उन्हें खेत पर ले गया। वहां ट्यूबवैल के पास उनके साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच आरोपित का साथी वहां पहुंचा और चोरी से मोबाइल में अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद युवती को वह वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने लगा। वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर युवती के साथ उसने भी दुष्कर्म किया। युवती आरोपियों से मिन्नतें करती रही, लेकिन आरोपियों को उसपर दया नहीं आई। आरोपितों द्वारा सांठगांठ कर वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपितों ने धमकी दी यदि किसी से इस बारे में बताया कि अश्लील वीडियो उनके परिजनों व गांव में प्रसारित कर देंगे। लेकिन युवती ने हौसला रखते हुए परिजनों को आपबीती सुनाई। इसपर वे परिजनों के साथ भोजपुर थाने पहुंची और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी अरविंद व पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सीएसएचपी पब्लिक स्कूल में ग्रीन जोन प्रदर्शनी का आयोजन

# विद्यालय को मिला 'जीरो वेस्ट स्कूल' का गौरवशाली दर्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार स्थित सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य "ग्रीन जोन प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर विद्यालय को आधिकारिक रूप से "जीरो वेस्ट स्कूल" घोषित किया गया, जो पर्यावरण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जोनल अधिकारी सुकुल सोलंकी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय नगर जोन की फूड इंस्पेक्टर श्वेता सिंह उपस्थित रहीं। विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता एवं प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने सभी अतिथियों का भावभीनी स्वागत किया।

मुख्य आकर्षण: वेस्ट मटेरियल से बनी सृजनात्मक दुनिया इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने पूरी तरह से वेस्ट मटेरियल (बेकार वस्तुओं) का उपयोग कर आकर्षक और उपयोगी मॉडल तैयार किए। छात्रों की कलाकारी ने यह सिद्ध कर दिया कि सही सोच के साथ कचरे को भी संसाधन में बदला जा सकता है। विद्यालय की



निर्देशिका सविता गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि ष्ग्रीन जोन प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना है।

हमें गर्व है कि हमारे बच्चों ने वेस्ट मटेरियल के माध्यम से समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है। प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने विद्यालय को "जीरो वेस्ट" बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और जागरूक सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारा विद्यालय भविष्य में भी पर्यावरण संबंधी गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी स्वच्छ एवं हरित भविष्य के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में 'मदर्स डे' के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'मदर्स डे' के अवसर पर जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर के सभागार में में माताओं के सम्मान में एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम एवं कृतज्ञता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रधानाचार्या अंजू गौड़ द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।




इसके पश्चात विद्यार्थियों ने कविता, नृत्य, गीत एवं नाटक के माध्यम से माँ के त्याग, स्नेह और समर्पण को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के लिए हस्तनिर्मित कार्ड एवं संदेश भी भेंट किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि माँ बच्चे की पहली गुरु होती हैं, जिनके संस्कार जीवनभर मार्गदर्शन करते हैं। निदेशक डॉ करुण कुमार ग

ौड़ जी ने सभी विद्यार्थियों को अपनी माताओं का सदैव सम्मान करने एवं उनकी भावनाओं का आदर करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय के इस प्रयास को अत्यंत सराहनीय बताया।

इसके अतिरिक्त बालीवुड गीतों पर डांस सलाद मेकिंग प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रैम्प वॉक आदि के द्वारा सभी मदर्स को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन व मनोरंजन का अवसर दिया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर अपने हुनर प्रतीक चिन्ह देकर का परचम लहराया अंत में सभी माताओं को स्मृति चिन्ह देकर व विजेता माताओं को सम्मानित किया गया।

# बच्चों की स्कूल डायरी में मिलेगा स्वगणना का होमवर्क!

**गाजियाबाद।** स्कूल की ओर से बच्चों को डायरी में स्वगणना का होमवर्क दिया जाएगा। घर जाकर बच्चे अपने अभिभावकों से ऑनलाइन स्वगणना कराएंगे। इसे लेकर एडीएम वित्त और जनगणना-2027 के नोडल अधिकारी सौरभ भट्ट ने सभी स्कूल और कॉलेज के प्रधानाचार्य को पत्र लिखा है। इसमें उन्हें देश के होमवर्क को पूरा करने के लिए कहा गया है। एडीएम ने बताया कि पत्र के जरिये स्कूल के साथ कॉलेज के प्रधानाचार्यों को इस कार्य में योगदान देने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के जुड़ने से कार्य में पूरे परिवार की भागीदारी होगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक स्वगणना की बात पहुंच पाएगी।

# नंदग्राम में निगम का बड़ा एक्शन, 11 करोड़ की भूमि कराई कब्जा मुक्त

**गाजियाबाद।** विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर गाजियाबाद नगर निगम ने नंदग्राम क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 11 करोड़ 20 लाख रुपये मूल्य की निगम भूमि को कब्जा मुक्त कराया। महाअभियान के तहत वार्ड संख्या 11 और वार्ड संख्या 6 में लगभग 1400 वर्ग मीटर भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए।

नगर निगम संपत्ति विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाकर खसरा नंबर 228 की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। मौके पर बने ईंटों के अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। अभियान के दौरान महिला

महाअभियान चलाकर 1400 वर्ग मीटर जमीन से हटाया अवैध कब्जा, बनेगा सामुदायिक केंद्र

पुलिस बल की भी विशेष तैनाती रही। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार वार्ड संख्या 11 में 1200 वर्ग मीटर और वार्ड संख्या 6 में 200 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद तय रणनीति के तहत अभियान चलाकर कार्रवाई की गई।

अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई भूमि का उपयोग जनहित के कार्यों के लिए किया जाएगा। इस स्थान पर नगर निगम द्वारा सामुदायिक केंद्र बनाने की योजना है।

अभियान के दौरान संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर, सुरेंद्र कौशिक सहित निगम टीम मौजूद रही। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन ने भी निगम टीम का सहयोग किया। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरभर में निगम भूमि को कब्जा मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि जनहित की योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा सके।

# श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय बना नृत्य प्रतियोगिता में विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित केडीबी पब्लिक स्कूल में "वाइब्रेशन -2026" अन्तर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति कर प्रथम स्थान अपने नाम किया। प्रतियोगिता का विषय "मानवता की शुरुआत संवेदनशील से होती है" था, जिसमें श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने परिवार में रह रहे बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल का विषय लिया और अपनी प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय की छात्राओं ने लाजवाब प्रस्तुति कर ,सभी टीमों को मात देते हुए प्रथम स्थान अपने नाम किया।



विद्यालय के प्रबंधक ज्ञान प्रकाश गोयल ने, समिति के सभी सदस्यों ने प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने सभी छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई दी और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डेंजी-दे-एमोर के निर्देशक , संजय शर्मा व दीप त्यागी निर्णायक की भूमिका में रहे। प्रतियोगिता में कई विद्यालयों जैसे-उत्तम स्कूल, देहरादून पब्लिक स्कूल संजय नगर, प्रीसीडियम आदि स्कूलों ने प्रतिभाग किया ।

# मेधावी छात्राएं सम्मानित

**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम स्मृति मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा समझ दीप प्रज्वलित कर किया गया। एसडीएम स्मृति मिश्रा द्वारा मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन की तरफ से हाईस्कूल की छात्रा को 2000 और इंटर की छात्रा को 5000 नगद पुरस्कार के रूप में दिए गए। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

# मोदीनगर के सभी 34 वार्ड में बनेंगी लाइब्रेरी और पार्क

## स्टूडेंट्स को मिलेगी फ्री इंटरनेट की मदद से पढ़ाई की सुविधा



एआई फोटो

**मोदीनगर।** नगर पालिका शहर में नई पहल शुरू कर रही है। सभी वार्ड में लाइब्रेरी बनाने की नगरपालिका की तैयारी है। इसमें छात्र बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। यहां इंटरनेट समेत तमाम सुविधाएं छात्रों को मिलेगी।

इसको लेकर नगरपालिका की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास किया गया है। प्रत्येक लाइब्रेरी के लिए नगरपालिका 10 लाख रुपये खर्च करेगी। इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड में पार्क भी बनाए जाएंगे। कुछ ही दिनों में इसपर काम शुरू हो जाएगा।

मोदीनगर नगरपालिका में 34 वार्ड हैं, जहां बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं। छात्रों को पढ़ाई के लिए निजी लाइब्रेरी का सहारा लेना पड़ता है। जहां शुल्क अदा करना होता है। इसी को देखते हुए नगरपालिका ने प्रत्येक वार्ड में लाइब्रेरी शुरू करने का प्रस्ताव पास किया है। लाइब्रेरी में छात्रों के लिए सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा। देखरेख की जिम्मेदारी भी नगरपालिका पर रहेगी। इन लाइब्रेरी से उन छात्रों को अधिक फायदा मिलेगा, जो आर्थिक तंगी के चलते निजी लाइब्रेरी का खर्च वहन करने में असमर्थ रहते हैं। इसको लेकर शुक्रवार को नगरपालिका में हुई बैठक में चर्चा भी हुई। नगरपालिका अधिकारियों व सभासदों ने भी इस पर सहमति जताई।

इसके अलावा जिन कॉलोनियों में पार्क नहीं है, वहां पर भी पार्क बनाए जाएंगे। कुछ ही दिन में जगह को चिह्नित कर निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। नगरपालिका मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में लाइब्रेरी का प्रस्ताव पास हो चुका है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। छात्रों को इससे बड़ा लाभ मिलेगा।

# वार्ड बॉय और चिकित्सक में हुआ झगड़ा जातिसूचक टिपपणी का लगाया आरोप

**गाजियाबाद।** एमएमजी अस्पताल में चिकित्सक और वार्ड बॉय के बीच झगड़ा हो गया। इसमें चिकित्सक ने वार्ड बॉय पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। सीएमएस के पास मामला पहुंचने के बाद जांच बैठा दी गई है।

एमएमजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को पैथोलॉजी विभाग की चिकित्सक और वार्ड बॉय के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद चिकित्सक ने सीएमएस को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने वार्ड बॉय पर जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

शिकायत के अनुसार पैथोलॉजी विभाग की चिकित्सक काम खत्म करने के बाद घर के लिए निकल रही थीं। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। वार्ड बॉय ने अभद्र व्यवहार करते हुए गालियां देनी शुरू कर दी।

सीएमएस डॉ. राकेश ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की गई है। इसमें डॉ. दिव्या, डॉक्टर शुपेंद्र, नर्स हिना विक्टर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। टीम दोनों पक्षों के बयान लेकर मामले की जांच करेगी। जांच की रिपोर्ट आने के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किरतपुर में खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन

## नागरिकों ने की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** प्रदेश में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सरकार लगातार सख्ती के निर्देश दे रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों की खुलेआम अनदेखी होती दिखाई दे रही है।

स्थानीय मौहल्ला अफगानान नई बस्ती में इन दिनों दिनदहाड़े मिट्टी का अवैध खनन का धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। जिसकी गहराई लगभग सात फीट है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें प्रशासन या कानून का कोई भय नहीं रह गया है। बताया जा रहा है कि भारी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल दिन के उजाले में चल रहा है, इसके बावजूद संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि राजस्व विभाग, खनन विभाग तथा पुलिस विभाग की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा अवैध कारोबार संभव नहीं हो सकता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया बेखौफ होकर प्रशासनिक कार्यालयों और थाने में



आते-जाते देखे जाते हैं। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कुछ पुलिस कर्मियों और अधिकारियों के साथ उनकी सांठगांठ होने के कारण उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसी कारण माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

मोहल्लेवासियों के अनुसार अवैध खनन के कारण क्षेत्र की सड़कों की हालत खराब हो रही है। दिनभर दौड़ने वाले ओवरलोड वाहन आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। धूल-मिट्टी से वातावरण प्रदूषित हो रहा है और आसपास रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार एक ओर अवैध खनन रोकने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार पर रोक लग सके।

# पुलिस ने अबोध बच्ची को मां से मिलाया

**अफजलगढ़।** नजीबाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पाईबाग निवासी ज्योति पुत्री छोटे सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह अफजलगढ़ के ग्राम खुशहालपुर निवासी मनोज सैनी पुत्र रामपाल के साथ दो वर्ष पूर्व हुआ था। विवाहिक जीवन में शुरू से ही पति-पत्नी व ससुराल से सम्बंध खराब होने के चलते घर में कलह रहता था। इसी दरमियान उसने पुत्री को जन्म दिया। जिसकी आयु इस समय 11 माह है। पारिवारिक कलह के कारण लगभग 6 माह पूर्व वह अपने मायके चली गई थी किन्तु ससुराल पक्ष ने उसकी बेटी को छीन कर अपने पास रख लिया था। अपनी अबोध बेटी को लेकर मां की ममता के चलते वह काफी परेशान थी।

# जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के पास बना कूलिंग जोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए पूरी गंभीरता के साथ हीट वेव एक्शन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी दिशा में ओल्ड दिल्ली डिस्ट्रिक्ट की पहल पर पुरानी दिल्ली क्षेत्र में जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के पास आम लोगों की सुविधा और राहत के लिए विशेष कूलिंग जोन तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल व्यवस्थाएं बनाना नहीं, बल्कि लोगों तक वास्तविक राहत पहुंच. ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान बाजारों, धार्मिक स्थलों और पर्यटन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों की आवा. जाही रहती है।

ऐसे में पुराने दिल्ली क्षेत्र जैसे संवेदनशील और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में इस प्रकार की सुविधाएं लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही हैं। यह कूलिंग जोन, मोबाइल हीट वाहन से अलग एक स्थायी राहत केंद्र के रूप में तैयार किया गया है, जहां लोगों को बैठने, आराम करने और गर्मी से तत्काल राहत पाने की सुविधा मिल रही है। यहां लगभग 70 से 80 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है ताकि राहगीर, पर्यटक, रिक्शा चालक, श्रमिक, बुजुर्ग और अन्य लोग कुछ समय रुककर राहत महसूस कर सकें।उन्होंने कहा कि कूलिंग जोन में वाटर कूलर के माध्यम से लगातार ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही लोगों को ओआरएस युक्त पानी भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि शरीर में पानी और आवश्यक लवणों की कमी न हो तथा हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचाव किया जा सके। सरकार की प्राथमिकता है कि गर्मी के इस कठिन दौर में कोई भी व्यक्ति असुविधा महसूस न करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजधानी के उन सभी इलाकों की पहचान की जाए जहां लोगों की अधिक आवाजाही होती है और वहां इसी प्रकार की राहत सुविधाएं विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार हीट वेव से निपटने के लिए बहुस्तरीय रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत विभिन्न जिलों में राहत सुविधाएं, पेयजल उपलब्धता, जागरूकता अभियान और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष प्रबंधन किया जा रहा है।

सरकार का प्रयास है कि गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहे। आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि तेज धूप के दौरान आवश्यक सावधानी बरतें, पर्याप्त पानी पीते रहें और जरूरत पड़ने पर सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही राहत सुविधाओं का उपयोग करें।

## एलजी ने आईजीआई एयरपोर्ट विस्तार योजना की समीक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शनिवार को इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन और विस्तार योजना की समीक्षा की। उन्होंने इस प्रॉजेक्ट को आईजीआई को विश्वस्तरीय एविएशन हब के रूप में विक. सित करने की दिशा में अहम कदम बताया। उपराज्यपाल के सामने एविएशन अधिकारियों ने आईजीआई एयरपोर्ट के संच. ालन, विस्तार और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। एलजी ने इसे बारीकी से समझा और कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तकनीकी रूप से उन्नत एविएशन सेक्टर के विजन के अनुरूप काम हो रहा है। उन्होंने चल रहे काम की सराहना की।

# खरीदार की तलाश में घूम रहा था गैंग, धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फतेहपुर बेरी स्थित स्टॉक यार्ड में एक पूर्व सिक्योरिटी गार्ड ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक नई कार चोरी कर ली।

पुलिस ने पूर्व सिक्योरिटी गार्ड गौरव उर्फ अभिषेक को उसके साथी राकेश,दीपक अहिरवार और देवराज व एक नाबालिग के साथ पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई कार को बरामद कर ली।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते तीन अप्रैल को फतेहपुर बेरी पुलिस को सचिन भट्ट नामक कॉलर ने शिकायत दी थी,जिसने बताया कि वह एक कंपनी में जीएम के तौर पर नौकरी करता हूँ। उनकी नई कारें भाटी रोड,फतेहपुर बेरी स्थित कंपनी के स्टॉक यार्ड में खड़ी होती है। मगर जब यार्ड में जाकर देखा एक नई कार गायब थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया। सब इंस्पेक्टर नसीब सिंह,विकास यादव हेड कांस्टेबल मुख्तार अहमद कांस्टेबल हरीचंद,विष्णु और यगविन्द्र को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने यार्ड के सिक्योरिटी गार्ड से पूछताछ की और पहले के सिक्योरिटी गार्ड के बारे में भी पता किया।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पता चला कि आरोपी गौरव उर्फ अभिषेक, जो पहले वाहन स्टॉक यार्ड में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था, ने अपनी नौकरी चले जाने के बाद पिछले गेट की चाबी चुरा ली थी। जिसने अपने साथी दीपक अहिरवार, देवराज और राकेश व एक नाबालिग के साथ मिलकर कार चोरी की है। जिनको उनके ठिकानों पर छापेमारी कर पकड़ लिया। आरोपियों ने पहले यार्ड की रेकी की टारगेट गाड़ी चुन ली थी।

वारदात की रात आरोपी देव. राज बाउंड्री वॉल फांदकर अंदर घुसा और गौरव द्वारा दी गई चोरी की चाबी का इस्तेमाल करके पीछे का गेट खोल दिया। इसके बाद, आरोपी परिसर में घुसे और एकदम नई कार लेकर फरार हो गए थे। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए, आरोपी लगातार चोरी की गाड़ी को भाटी इलाके, डेरा मंडी रोड और आस-पास की सुनसान जगहों के बीच घुमाते रहे, जबकि वे खरीदारों और अवैध रूप से गाड़ी के पुर्जे अलग करने वालों की तलाश कर रहे थे।

# आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़, 3 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से 54 मैच टिकट बरामद किए है जिनमें 33 'बिक्री के लिए नही' लिखे हुए कॉम्प्लिमेंट्री पास भी शामिल हैं।कॉम्प्लिमेंट्री पास 20,000/- जैसी भारी कीमत पर बेचे जा रहे थे।वे टिकटों को दोगुनी कीमत पर, या मैच/खरीदार की मांग के अनुसार बेचते थे। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि 08.मई को, एक विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसीपी संजय नागपाल की देखरेख में इंस्पेक्टर मान सिंह और सुंदर गौतम के नेतृत्व में टीम ने दिल्ली गेट के पास एक जाल बिछाया।

टीम ने मुकीम (35), गुफरान उर्फ घ्घ्साजिद (36) और मो. फैसल (38) को धर दबोचा जो आई पीएल टिकटों को बढ़ी हुई कीमतों पर बेचने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे। ये आरोपी, संभावित खरीदारों को लुभाने और उनके साथ धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से, खुद को डीडीसीए का अधिकृत प्रति. निधि बता रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 54 आईपीएल मैच टिकट बरामद किए है। पुलिस पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपी कॉम्प्लिमेंट्री पास लगभग बीस हजार प्रति पास के हिसाब से बेचते थे, और रेगुलर टिकटों को उनकी छपी हुई कीमत से लगभग दोगुनी कीमत पर बेचते थे। कीमतें मैच की मांग, प्रोफाइल और लोकप्रियता के अनुसार तय की जाती थीं।ये आरोपी पूरे भारत में आईपीएल टिकटों की कालाबाजारी में लिप्त थे और जहां भी आईपीएल मैच होते थे, वहां वे हवाई जहाज से अलग-अलग शहरों में जाते थे।




पुरानी दिल्ली क्षेत्र में जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के पास आम लोगों की सुविधा व राहत के लिए विशेष कूलिंग जोन तैयार किया गया।

## जंगल वाले इलाके में वारदात करने वाला बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली।** फतेहपुरी के जोनापुर के जंगल व खेतों वाले इलाके में अवैध पिस्टल लेकर रात के वक्त लोगों को डराना, लूटपाट व अन्य वारदातों को अंजाम देने वाले एक घोषित बदमाश प्रदीप उर्फ सुखा को पुलिस ने गिरफ्तार करके अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बीते शुक्रवार रात सवा 11 बजे बीट नंबर 6, जोनापुर गांव क्षेत्र में गश्त ड्यूटी के दौरान, हेड कांस्टेबल धर्मवीर ने कांस्टेबल विष्णु के साथ मिलकर दिल्ली टेंट हाउस गोदाम, जोनापुर के पास जंगल की तरफ से आते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खजूरी खास इलाके में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा भजनपुरा मेट्रो स्टेशन के पास हुआ, जहां एक मारुति सेले. रियो कार ने पीछे से बुलेट मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पहुंची पीसीआर टीम दोनों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान रोहित (31) पुत्र शिव प्रकाश और हेमंत (33) पुत्र वीरपाल, निवासी करावल नगर के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों युवक आईपीएल का मैच देखकर बुलेट मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही खजूरी खास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक और कार को कब्जे में लिया। मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आरोपित हिमांशु (27) को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में शामिल कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

दोनों मृतक अच्छे दोस्त थे शुक्रवार रात वह आईपीएल का मैच देखने गए थे, रोहित का ट्रैवल्स की कंपनी में जॉब करता था उसके परिवार में पत्नी ओर दो बेटे है, जिनके साथ वह हॉउस न-42, गली न-1, भगत विहार करावल नगर में रहता था स जबकि हेमत प्रेम विहार, करावल नगर का निवासी था उसके परिवार में पत्नी ओर दो बच्चे है, हेमंत किसी सरकारी कार्यालय में कॉन्टेक्ट पर जॉब करता था।

# एलजी ने 77 जल-निकायों का कायाकल्प करने का दिया आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल-संपदाओं के लिए एलजी ने की बैठक, 90 दिनों में नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में गर्मियों की शुरुआत के साथ जल-संपदाओं के संरक्षण और पुनरुद्धार को लेकर बड़ी पहल की घोषणा की है। उन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण की एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि दिल्ली की अनमोल लेकिन तेजी से खराब हो रही जल-संपदाओं के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है।

उन्होंने बताया कि डीडीए तत्काल 77 जल-निकायों के पुनरुद्धार का कार्य शुरू करेगा। इनमें से 6 जल-निकायों का जीर्णोद्धार अगले 30 दिनों के भीतर, 48 का कार्य 60 दिनों में और शेष 23 जल-निकायों का काम 90 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजधानी में जल संरक्षण को मजबूत करना बेहद जरूरी है, खासकर ऐसे समय में जब दिल्ली जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है।

## एक नजर

### भीषण गर्मी में सतर्क रहें, स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यान

**नई दिल्ली।** राजधानी में लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से सामने आ रही हैं। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन सकती है।

अस्पताल के निदेशक अंकित कालरा ने एक कार्यक्रम में कहा कि गर्मी के मौसम में लू लगने के साथ उल्टी-दस्त के मामलों में भी बढ़ोतरी होती है। विशेष रूप से मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।उन्होंने कहा कि शरीर में बेचौनी, कमजोरी या अत्यधिक थकान महसूस होने पर उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लू लगने की स्थिति में शरीर में पानी की कमी तेजी से हो जाती है, इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। उन्होंने लोगों को नियमित रूप से लगभग 40 मिनट व्यायाम करने और संतुलित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। साथ ही कहा कि उच्च रक्तचाप के मरीज सीने में दर्द, जबड़े में खिंचाव, बाएं हाथ या पीठ में दर्द जैसे लक्षणों को हल्के में न लें और तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

### शास्त्रीय नृत्य संध्या आयोजित



**नई दिल्ली।** शास्त्रीय नृत्य की गरिमा और युवा ऊर्जा से सजी इस सांस्कृतिक संध्या में अंतरंग 2026 ने एक बार फिर अपनी विशिष्ट पहचान को साकार किया। आमद डांस सेंटर द्वारा आयोजित इस आयोजन में जहां कथक की परंपरा अपने पूरे वैभव में दिखाई दी, वहीं उभरती कलाकार श्रुति त्यागी ने अपनी सशक्त प्रस्तुति से विशेष प्रभाव छोड़ा। श्रुति की प्रस्तुति 'तीनताल' (16 मात्राएं) पर आधारित थी, जिसमें उन्होंने कथक के ताल पक्ष को बेहद सटीकता और ऊर्जा के साथ प्रस्तुत किया। उनकी दमदार और स्पष्ट पदचाप (फुटवर्क), लय पर पकड़ और संतुलित गति ने पूरे प्रदर्शन को जीवंत बना दिया।

### ट्रूकॉलर ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली।** ट्रूकॉलर द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया में सबसे ज्यादा स्पैम पाने वाले देशों में पाँचवें स्थान पर है। इस सूची में इंडोनेशिया पहले स्थान पर है, जबकि उसके बाद चिली, वियतनाम और ब्राजील का नाम आता है। ये जानकारियाँ ट्रूकॉलर के एनॉनिमाइज्ड (पहचान हटाकर) और समेकित डेटा पर आधारित हैं, जिसके दुनिया भर में 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। केवल 2025 में ही इस प्लेटफॉर्म ने दुनियाभर में 68 अरब से ज्यादा स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉलों की पहचान की। ट्रूकॉलर के सीईओ ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, "इन आंकड़ों का स्तर हर किसी के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। धोखाधड़ी, किसी और की पहचान बनाकर ठगी और स्कैम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को ऐसे प्रभावित कर रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।

### इमारत के निर्माण में नजरअंदाज किए गए नियम

**नई दिल्ली।** शाहदरा उत्तरी जोन के विवेक विहार इलाके में तीन मई को हुए भीषण अग्निकांड की जांच में कई खुलासे हुए हैं। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई थी। एमसीडी के मुताबिक, इमारत में कई खामियां मिलीं, जिसके कारण बचाव कार्य में बाधा आई। इमारत के निर्माण में भवन उपनियमों का उल्लंघन किया गया था। स्वीकृत बिल्डिंग प्लान की भी अनदेखी की गई थी। एमसीडी के अधिकारियों ने बताया कि स्वीकृत बिल्डिंग प्लान और नक्शे की अनुमति लेने के बाद भी इमारत के पिछले हिस्से में लोहे के जाल का अवैध निर्माण किया गया। हादसे के बाद बचाव कार्य में यही जाल बड़ी बाधा बनी। निगम के नियमों के मुताबिक, इस तरह से लोहे के जाल लगाने की अनुमति नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि विवेक विहार की घटना के बाद इस इमारत को बनाने वाले बिल्डर को ब्लैक लिस्ट करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा निगम के अन्य जोन में बिल्डरों की जांच के आदेश दिए गए हैं। जिन बिल्डरों ने भवन उपनियमों का उल्लंघन करते हुए कोई भी इमारत बनाई होगी उसे ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।



रविन्द्र इन्द्राज सिंह रोहिणी में नई जल पाइपलाइन कार्य का शुभारंभ करते हुए।

# कैपिटल सिटी सेंटर लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आनंद हैबिटेट ने साहिबाबाद में अपने नए मिक्स्ड-यूज प्रोजेक्ट 'कैपिटल सिटी सेंटर' की शुरुआत की है, जो एनसीआर में बेहतर कनेक्टिविटी और फ्यूचर को ध्यान में रखकर विकसित किए जा रहे शहरी प्रोजेक्ट्स की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

लॉन्च के मौके पर आनंद हैबिटेट के मैनेजिंग डायरेक्टर निखिल आनंद ने कहा, 'कंपनी का स्पष्ट लक्ष्य एनसीआर में ऐसे सिटी सेंटर विकसित करना है, जो मॉर्डन कंज्यूमर की जरूरतों को पूरा करें और साथ ही बेहतर इन्वेस्ट के अवसर भी प्रदान करें।



आनंद हैबिटेट के डायरेक्टर विनोद सिंह सचदेवा ने कहा कि कैपिटल सिटी सेंटर के जरिए उनका उद्देश्य एक ऐसा मजबूत और केंद्रीय स्थान बनाना है, जो न सिर्फ मौजूदा जरूरतों को पूरा करे बल्कि आने वाले 10 वर्षों में इस पूरे माइक्रो-मार्केट के विकास और दिशा को भी तय करने में अहम भूमिका निभाए।

# रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने किया रोहिणी में नई जल पाइपलाइन कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर-24, पॉकेट-21 में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा नई पाइपलाइन परियोजना के लोकार्पण के साथ क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुचारु जल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

जनसेवा और मूलभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है तथा क्षेत्र के विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। दिल्ली सरकार में समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह द्वारा रोहिणी सेक्टर-24 में नई जल पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ किया गया।

इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में स्वच्छ, नियमित एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है, जिससे हजारों स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि "हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाना हमारा संकल्प है।" उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक परिवार तक साफ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा जल आपूर्ति व्यवस्था को अधिक मजबूत एवं आधुनिक बनाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने, पुरानी पाइपलाइनों को बदलने तथा संपूर्ण जल नेटवर्क को सुदृढ़ करने हेतु बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है।मंत्री ने कहा कि जल जैसी मूलभूत सुविधा को मजबूत करना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में निरंतर कार्य जारी रहेगा।

## दिल्ली यूनाइटेड एफसी ने जीता मैच

**नई दिल्ली।** अंबेडकर स्टेडियम में खेल गए पीएसपीबी विमेंस प्रीमियर लीग के मैच डे तीन में दिल्ली यूनाइटेड एफसी ने सिटी एफसी को 6-0 से हरा दिया। पहले हाफ में दिल्ली यूनाइटेड टीम का मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला।

दूसरे हाफ में भी दिल्ली यूनाइटेड ने अपना दबदबा कायम रखा। दूसरी ओर सिटी एफसी पूरे मुकाबले में लय हासिल नहीं कर सकी। दिल्ली यूनाइटेड के गोल. कीपर और डिफेंस ने भी विपक्षी टीम को एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। टीम ने तीन अंक अपने नाम किए।

# माताओं के सम्मान में मनाया जाता है मदर्स-डे: संत राजिन्दर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** मदर्स डे एक ऐसा दिन है जोकि सारे संसार में अपनी माताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। माँ और बच्चे का संबंध ही सिर्फ एक ऐसा प्रेम है जो कि एक पवित्र व स्वार्थ से रहित है। इस बारे में संत राजेंद्र सिंह जी महाराज ने कहा कि यदि हम अपने जीवन से उदाहरण लें तो हम देखते हैं कि सबसे उँची व अच्छी मिसाल माँ और बच्चे के सांसारिक प्रेम की ही है। हम देखते हैं कि कैसे एक छोटा बच्चा अपनी माँ के बालों को खींचता है और उसके गालों पर थप्पड़ मारता है तो भी माँ को उसकी इन हरकतों पर क्रोध नहीं आता। यहाँ तक कि अगर बच्चा गंदगी से लिपटा हुआ अपनी माँ के पास आता है तो भी वह बच्चे को गले से लगा लेती है। एक माँ का प्रेम अपने बच्चे के लिए दिल से दिल की राह है। माँ और बच्चे के रिश्ते के बीच लालच का कोई स्थान नहीं है। एक माँ अपने बच्चे के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देती है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

